हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 8 जुलाई 2025

04 खरीदी के लिए बनाए 34 केन्द्र बारिश ने रोका...



08 छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम ...





## खबर संक्षेप

### संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन कल

**नर्मदापुरम।** बुधवार 9 जुलाई को संभागायुक्त कार्यालय नर्मदापुरम संभाग के सभाकक्ष में मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम, मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड गृह निर्माण मंडल, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, ऊर्जा विभाग एवं नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक संभागायुक्त के जी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम।** सोमवार को जिला प्रशिक्षण केंद्र नर्मदापुरम में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीएमएचओ द्वारा विभिन्न कर्मचारी संघों द्वारा लंबित मांगों के आवेदन के संदर्भ में समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में राजपत्रित अधिकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बीएलओ का विशेष प्रशिक्षण 17 जुलाई तक

**नर्मदापुरम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी निर्वाचन प्रक्रियाओं को अधिक सुचारु, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 7 जुलाई से 17 जुलाई 2025 तक विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चरणबद्ध रूप से आयोजित किया जाएगा। इस क्रम में जिला नर्मदापुरम अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों में प्रशिक्षण की तिथियां निर्धारित की गई हैं।

### प्रतिभा चयन परीक्षण 11 और 12 को

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश राज्य व्हॉलीबॉल छात्रावास, नरसिंहपुर के लिए वर्ष 2025-26 हेतु प्रदेश के प्रतिभाशाली बालक वर्ग खिलाड़ियों का प्रतिभा चयन कार्यक्रम 11 एवं 12 जुलाई 2025 को आयोजित किया जाएगा।

### जिले में अब तक 2840 मिमी वर्षा दर्ज, मौसम विभाग ने दो दिन जोर दार बारिश का जारी किया अलर्ट

# सोमवार को जिले में हुई बारिश से तर-बतर हुआ नर्मदांचल

विगत रविवार से जिले में बारिश का दौर लगातार जारी रहा। जहां शहर के नाले सड़के एवं नाले नालियों में पानी लबालब हो गया। वहीं निचली बस्तियों में वर्षा का पानी भराया। संपूर्ण नर्मदांल जीवन अस्तव्यस्त रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिछले दो दिनों से हो रही बारिश ने नर्मदांचल में पानी पानी कर दिया। जहां सड़कों पर नाले एवं नालियों का पानी आ गया वहीं निचली बस्तियों के घरों में भी पानी भराया। शहर की आदमगढ़, संजय नगर, आईटीआई, ईदगाह आदि बस्तियों में पानी भराया। मूसला धार बारिश के कारण गलियों, सड़कों सहित बाजार एवं मोहल्लों में झमाझम बारिश के बाद सड़कों पर पानी भरा जाने से आवागमन भी बाधित रहा। लोग सुबह से अपने घरों में कैद रहे और पानी बंद होने की राह देखते रहे। हालाकि स्कूल एवं आफिस खुले रहे और संचालित हुए। दूसरी ओर नगर पालिका की सफाई व्यवस्था पर लोगो ने सवालिया निशान उठाए वहीं शहर के आईटीआई क्षेत्र में अमृत जल योजना से खुदी सड़क पर मिट्टी में कीचड़ हो जाने से मार्ग अवरूद्ध हो गया। वहीं इस मार्ग पर अनेक छोटी मोटी घटनाएं भी हुई। दूसरी ओर मौसम विभाग आगामी दो दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।



### अब तक 2840 मिमी वर्षा दर्ज, भारी बारिश का अलर्ट जारी

प्रदेश में स्ट्रॉन्ग सिस्टम के असर से नर्मदापुरम समेत कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। जिले में पिछले 24 घंटे में सबसे जोरदार बारिश दर्ज की गई। सोमवार को प्रातः 8 बजे तक जिले में 2840.09 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1452.7 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि अब तक तहसील नर्मदापुरम में 418.9 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 202.0 मिलीमीटर, इटारसी में 203.8 मिलीमीटर, माखननगर में 158.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 307.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 359.8 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 551.2 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 409.8 एवं तहसील डोलरिया में 229.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है।

### खतरे के निशान से 23 फीट दूर नर्मदा

सेठानी घाट पर नर्मदा नदी का सामान्य जलस्तर 934 फीट, अलर्ट लेवल 964 फीट और खतरे का निशान 967 फीट है। फिलहाल जलस्तर खतरे के निशान से करीब 30 फीट नीचे है। सेठानी घाट का जलस्तर 944.10 फीट है, तवा जलाशय का 1130.650 फीट है, बरगी जलाशय का 418.00 मीटर एवं बारना जलाशय 344.47 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है। प्रशासन अलर्ट पर है वहीं बाढ़ कंट्रोल रूम नर्मदा जल स्तर एवं डेमों की स्थिति पर सतत नजर बनाए हुए है।

### बढ़ रहा तवा डेम का जलस्तर, नहीं खुलेंगे जलाश के गेट

तवा डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ते हुए 1130.50 फीट पर पहुंच गया है। एसडीओ एके सूर्यवंशी ने बताया कि पिछले 36 घंटे में जलस्तर में 8 फीट की वृद्धि हुई है। क्योंकि पहाड़ी क्षेत्र बैतूल, छिंदवाड़ा एरिया में बारिश का पानी तवा डेम में आता है। तवा डेम का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। हालांकि, अभी 4-5 दिन तक तवा डैम के गेट नहीं खोले जाने की कोई संभावना नहीं है।

### नपाध्यक्ष ने किया घाट व राहत शिविरों का दौरा



**नर्मदापुरम।** बारिश की स्थिति को देखते हुए नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा सोमवार देर शाम घाटों, रैन बसेरों और बाढ़ राहत शिविरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने नगरपालिका की टीम को निर्देश दिए कि रैन बसेरों और बाढ़ राहत शिविरों में समुचित व्यवस्था करें तथा निचले क्षेत्रों में सतत निगरानी करते रहें। साथ ही जहां भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है तत्काल उस समस्या का समाधान करें। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश हो रही है, सावधानी रखें। वार्डों में लगातार स्वच्छता अभियान चलाएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, गौरव वर्मा सहित नपा टीम उपस्थित रहीं।

### बारिश में किसी भी प्रकार की जनहानि ना हो अधिकारी मॉनिटरिंग करें: कमिश्नर

जिलों में हो रही लगातार बारिश की सभी कलेक्टर निरंतर मॉनिटरिंग करें। लगातार हो रही बारिश से किसी भी प्रकार की जनहानि ना हो, इसका विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। अधिकारियों की टीम निरंतर बारिश ग्रस्त क्षेत्र में गश्त एवं पेट्रोलिंग करती रहे। बारिश के दौरान सांप निकलने, जर्जर मकानों के गिरने एवं घरों में पानी घुसने जैसी घटनाएं होती हैं, इस दौरान यदि कोई दुर्घटना होती है तो ऐसी घटनाओं में तत्काल पीड़ितों को राहत राशि देना सुनिश्चित किया जाए। बारिश में यथासंभव अप्रिय घटनाओं को टाला जाए। उक्त निर्देश सोमवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कमिश्नर ने अधिकारियों को दिये।

### भारी बारिश से गिरा पेड़



**पचमढ़ी।** बीते तीन दिनों से लगातार तेज बारिश ने जिले को तरबतर कर दिया है। जिले के सभी नदी नाले उफान पर है। पर्वतीय स्थल पचमढ़ी में भी एक बड़ी दुर्घटना देखने को मिला जहां चंपक झील की मुख्य पार्किंग में एक विशालकाय कई सौ वर्ष पुराना पेड़ गाड़ियों पर जा गिरा। विशालकाय पेड़ के गाड़ियों पर गिरने से एक युवक काफी देर पेड़ के नीचे दबा रहा। युवक को सकुशल रेस्क्यू किया गया। चंपक झील में पर्यटकों की तीन प्राइवेट कर एक मिनी बस और तीन पर्यटक वाहनों को नुकसान पहुंचा है। शोभापुर पिपरिया मार्ग के बीच रपटों के ऊपर से बेहतर दिखाई दिए नदी नाले। हालाकि नगर की सड़कों पर भी पानी भराया।

### बारिश में उफनी पलकमती नदी, जन सुरक्षा को तैनात हुए पुलिस व नपकर्मी



**सोहागपुर।** सोहागपुर में सोमवार को दिनभर तीव्र बारिश हुई। जिसके कारण नदी नाले उफान पर आ गए। नगर की पलकमती नदी में भी अत्यधिक बरसाती पानी आया तथा किलापुरा व रामगंज वार्ड के रिपटे डूब गए। इस दौरान पुलिसकर्मी व नपकर्मी नागरिकों की रिपटों से आवाजाही रोकते नजर आए। ब्लॉक के ग्राम बंदीछोड़ पिपरिया में सोमवार को बरसाती पानी की पूरी निकासी नहीं हो रही है। किसी तकनीकी त्रुटि के कारण यह समस्या आई और बरसाती पानी हरिजन टोला क्षेत्र के घरों में भर गया।

### सोहागपुर में स्टेट हाईवे पर भरा पानी



**सोहागपुर।** शहर में स्टेट हाईवे पर सीएम राइज़ स्कूल के सामने बरसाती पानी का तालाब बन गया है। बारिश के पानी की निकासी नहीं होने एवं हाईवे की पुलिया बंद होने के कारण पिछले दो दिनों से स्टेट हाईवे पर पानी जमा है। नागरिकों के अनुसार क्षेत्र में दो दिनों से बहुत तीव्र बारिश हो रही है। परिणाम स्वरूप अत्यधिक पानी हाईवे पर जमा हो गया है। जिसके कारण आने जाने वाले नागरिकों को बहुत ही अधिक परेशानी हो रही है। मुख्य रूप से स्कूल व कॉलेज आने जाने वाले बच्चे बहुत दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों ने बताया कि कुछ बालक व बालिकाएं साईकिलों से स्कूल या कॉलेज आते जाते हैं।

### देनवा और दूधी नदी उफान पर पुराने पुल से ऊपर बह रहा पानी

पचमढ़ी में हो रही तेज बारिश से देनवा नदी में उफान है। मटकुली में पुराने पुल से पानी ऊपर बह रहा है। वहीं, दूधी नदी भी उफान पर है, जिससे नर्मदापुरम जिले के कई इलाकों में खतरा बढ़ गया है। हालाकि अभी नर्मदा का जलस्तर काफी नीचे है।

### कलेक्टर ने की अपील



नर्मदा तट के आसपास और निचले क्षेत्रों में रहने वाले सभी नागरिकों से अपील की है। कृपया नर्मदा तट के प्रभावित इलाकों में न जाएं। नदी के किनारे किसी भी प्रकार की गतिविधि से बचें। प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

**सोनिया मीना, कलेक्टर नर्मदापुरम**

## सैनी सामाजिक संगठन ने एसडीओपी पराग सैनी को समारोह पूर्वक दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



संयुक्त माली सैनी सामाजिक कल्याण समिति एवं नव अंकुर संस्था द्वारा नगर में पदस्थ सब डिवीजन पुलिस ऑफिसर पराग सैनी का स्थानांतरण नर्मदापुरम से इंदौर हो जाने पर माली सैनी समाज एवं नव अंकुर संस्था द्वारा अभिनंदन कर विदाई समारोह संस्था के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें माली सैनी समाज के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी कुंवर सिंह सैनी, रामकृष्ण सैनी, शंकर लाल सैनी, सुरेश सैनी, महेश सैनी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न किया गया। सर्वप्रथम संयुक्त माली सैनी सामाजिक कल्याण समिति के अध्यक्ष अजय सैनी द्वारा अभिनंदन पत्र का वाचन किया गया जिसमें उल्लेख किया कि कर्तव्य परायणता, आस्था, निष्ठा एवं नैतिकता के साथ शहर में महती भूमिका निभाई वह प्रशंसनीय है आपका सामाजिक सरल और सारगर्वित व्यक्तित्व हम सभी के लिए अभिनंदनीय हैं। समाज एवं संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र, शाल, श्रीफल भेंट किया गया एवं कार्यक्रम में सभी साथियों ने फूल माला से पराग सैनी का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज बंधु एवं संस्था के साथी गण मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोपाल सैनी, अनिल सैनी, गोविंद सैनी, दीपक सैनी, शिवम सैनी, अभय सैनी, अधिवक्ता फिरोज खान, सौरभ शर्मा, मनोज दुबे आदि उपस्थित रहे।

## शासकीय आवासों के सामने स्थित मंदिर में हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

लगता है कि सोहागपुर में चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दे रखी है। तभी तो चोरों ने उस मंदिर में चोरी की, जो एसडीएम तथा तहसीलदार के शासकीय आवासों के सामने स्थित हैं। गत दिनों नगर स्थित बिजली कंपनी कार्यालय के परिसर के विद्युत प्रभा देवी मंदिर में चोरों ने हमला किया व मंदिर की दान पेटी के ताले तोड़कर राशि चुराई। जिसकी लिखित सूचना मंदिर अर्चक पं. विनीत शर्मा ने रविवार को सोहागपुर थाना प्रभारी को दी है। बताया जाता है कि पुरानी तहसील कार्यालय में बने मंदिर में भी गत सप्ताह चोरी हुई है। इस मंदिर के 50 मीटर के दायरे में



एसडीएम तथा एसडीओपी कार्यालय हैं। वहीं बिजली कंपनी कार्यालय के मंदिर के ठीक सामने ऑफीसर्स कॉलोनी है। जिसमें एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों के शासकीय आवास हैं। देखना होगा कि पुलिस चुनौती स्वीकार कर चोरों को कब पकड़ती है।

## अतिक्रमण की कार्रवाई के विरोध में आदिवासी संगठन करेगा बैठक, अनेक संगठन होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले की माखननगर तहसील के खकरापुरा डांगपुरा में आदिवासियों से बलपूर्वक जमीन खाली कराए जाने के विरोध में अब आदिवासी संगठन महाआंदोलन की तैयारी में हैं।

इसी सिलसिले में 8 जुलाई को खकरापुरा डांगपुरा में बड़ी बैठक रखी गई है, जिसमें आंदोलन की रणनीति और रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक पहले 7 जुलाई को प्रस्तावित थी, लेकिन जय आदिवासी युवा शक्ति के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामदेव काकोडिया के कोर्ट में व्यस्त रहने के कारण इसे एक दिन आगे बढ़ा दिया गया है।

गौरतलब है कि खकरापुरा डांगपुरा में 18 हेक्टेयर जमीन पर कुछ साल पहले स्थानीय आदिवासियों ने कब्जा कर लिया था। यह जमीन सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) के विस्थापित गांव खामदा के ग्रामीणों को आवंटित की गई थी। वहीं कई बार वन विभाग और राजस्व विभाग ने नोटिस देने के बाद भी जब कब्जा नहीं हटा, तो 8 अप्रैल 2025 को पुलिस, वन और राजस्व विभाग के 200 से ज्यादा कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर बलपूर्वक कब्जा हटवाया। कार्रवाई के दौरान कुछ आदिवासी महिलाओं और पुरुषों को सरकारी वाहन में बैठाकर ले जाया गया था, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। 5 जेसीबी और 6 ट्रैक्टर से खेती की जमीन की लेवलिंग और तार फेंसिंग कराई गई। इस कार्रवाई से प्रभावित आदिवासी परिवारों ने प्रशासन से खुद के लिए वैकल्पिक जमीन की मांग की थी, जो अब तक पूरी नहीं हुई। बैठक में नर्मदापुरम समेत अन्य जिलों के आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रशासन द्वारा आदिवासियों पर की गई कथित ज्यादती के खिलाफ सामूहिक रणनीति बनाना और आवाज उठाना है। आदिवासी संगठनों का कहना है कि जबरन कब्जा हटाना, मारपीट और गिरफ्तारी जैसे कदम आदिवासी अधिकारों का हनन हैं।

## नागद्वारी मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लने पहुंचे अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले का सुप्रसिद्ध नागद्वारी मेला प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नाग पंचमी पर पचमढ़ी में आयोजित किया जाएगा। नागद्वारी मेला 19 जुलाई से 29 जुलाई तक आयोजित होगा। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार सीईओ सोजान सिंह रावत द्वारा संयुक्त विभागीय अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं बनाऐ जाने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एस डी एम इटारसी टी प्रतीक राव, एसडीएम अनिशा श्रीवास्तव, तहसीलदार वैभव वैरागी, पीडब्लूड़ी से कैलाश गुर्दे, पीएचई, एमपीईबी, साडा, कैंट, होमगार्ड, पुलिस एवं अन्य अधिकारी निरीक्षण में साथ रहे। एसडीएम अनिशा श्रीवास्तव ने मेला ट्रैक की सीढ़िया रेलिंग और मार्गों की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया।

### ईश्वर रेस्टॉरेंट में जिला हॉकी संघ ने आयोजित की प्रेसवार्ता

## प्रेसवार्ता में बोले विधायक डॉ शर्मा, जिला हॉकी संघ ही असली संघ है, हॉकी नर्मदापुरम अवैध संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने कहा है कि हॉकी मध्यप्रदेश जबलपुर से हॉकी नर्मदापुरम का कोई संबंध नहीं है। इस मामले में सिर्फ भ्रम फैलाया जा रहा है। इस संबंध में उस नये संगठन के पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन के पूर्व सचिव कन्हैया गुरयानी को जबलपुर फेडरेशन ने हटा दिया है, नये कोच दीपसिंह ठाकुर खेल विभाग की ओर से नियुक्त किये गये हैं। विधायक ने कहा कि फीडर सेंटर में अब तक क्या हुआ, सरकार की ओर से मिलने वाली राशि कहां जाती थी, इसकी भी जांच करायी जाएगी। विधायक डॉ. शर्मा ने यहां ईश्वर रेस्टॉरेंट में जिला हॉकी संघ नर्मदापुरम के पदाधिकारियों के साथ एक पत्रकार वार्ता लेकर कहा कि जो भ्रम पैदा किया जा रहा है, उस मिथक को तोडऩा जरूरी था। उन्होंने कहा कि यह उनका छटवा कार्यकाल है और 22 वर्ष से प्रदेश में भाजपा सरकार है, कभी हमने कोई ऐसा दखल नहीं दिया। लेकिन, अब खेल के मैदान में राजनीति लायी जाने लगी, भ्रष्टाचार और पक्षपात की दुर्गंध फैलने लगी तो हमने हस्तक्षेप किया, अब सारी जांच करायी जाएंगी। विधायक ने कहा कि हॉकी नर्मदापुरम अवैध संघ है, इसका हॉकी मध्यप्रदेश से कोई संबंध नहीं है, कोई भ्रम न पालें। आज हॉकी नर्मदापुरम के अध्यक्ष राजेन्द्र तोमर ने सोशल मीडिया पर हॉकी मप्र से संबद्धता का जो दावा किया है, वह झूठा है। उन्होंने बताया कि वसीम खान नामक खिलाड़ी ने उनके पास शिकायत की थी कि कम उम्र के बच्चों के आधार कार्ड बनाये और बड़े बच्चों को खिलाया गया है, इसकी जांच भी चल रही है। पत्रकार वार्ता में शिकायतकर्ता वसीम खान भी मौजूद रहे। उन्होंने घोषणा की है कि अब अखिल भारतीय महात्मा गांधी हॉकी प्रतियोगिता नगर पालिका आयोजित करेगी और डीएचए का सहयोग रहेगा। हम सब मिलकर हॉकी को सर्वोच्च स्थान पर ले जाएंगे।इस अवसर पर उपाध्यक्ष जितेन्द्र ओझा, राहुल चौरे, मनीष ठाकुर, शैलेन्द्र दुबे सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## डिप्टी कलेक्टर डॉ राठौर ने किया अस्पताल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोमवार को डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर द्वारा जिला चिकित्सालय का पुनः औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य गत दिवस निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के पालन, अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों की स्थिति का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान समस्त चिकित्सक समय पर उपस्थित पाए गए एवं अस्पताल परिसर में सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था में भी सुधार देखा गया। डॉ. राठौर ने कहा कि शासन एवं प्रशासन का उद्देश्य निरंतर निरीक्षण के माध्यम से आमजन को अस्पताल में बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कमले, आरएमओ डॉ. गजेंद्र यादव, सहायक प्रबंधक रोशनी प्रजापति तथा मैटर्न पम्मी राव आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में ग्राम कोटवार की मौत

**बैतूल।** सड़क हादसे में 25 वर्षीय ग्राम कोटवार अलकेश बिसोने की मौत हो गई। अलकेश बाइक से चिरापटला बैंक से पैसे निकालने गए थे। लौटते वक्त दोपहर में एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद राहगीरों ने उन्हें एंबुलेंस से चिचोली अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जांच प्रभारी दिनेश निमोडा ने बताया कि अलकेश की हालत को देखते हुए उन्हें भोपाल रेफर किया गया था, लेकिन परिजन उन्हें बैतूल के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां रात करीब 3 बजे आईसीयू में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की मर्ग डायरी चिचोली थाना भेजी है।

### प्रेमगढ़ आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर्व पर होगा गुरु पूजन

**बैतूल।** प्रेमगढ़ आश्रम कोसमी में इस वर्ष भी 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा पर्व पर गुरु पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन प्रेम स्वामी महाराज वृंदावन वाले के सानिध्य में संपन्न होगा। इस अवसर पर प्रेम स्वामी महाराज के शिष्य प्रेमगढ़ आश्रम पहुंचते हैं। वर्ष में एक बार प्रेम स्वामी महाराज के दर्शन, सेवा दान करने की भावना से शिष्य यहां एकत्र होते हैं। गुरु पूर्णिमा के इस पर्व पर प्रेम स्वामी महाराज गुरु भक्ति का पाठ, प्रेम, धर्म की दीक्षा देंगे। उनके अनुसार यही मार्ग मानव देह के उद्धार का माध्यम है। इस मौके पर बंसीदास महाराज, राधा दास महाराज एवं सखी श्यामा जी ने समस्त श्रद्धालुजनों से अपील की है कि वे इस पुण्य अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। गुरु पूजन कार्यक्रम के उपरांत सभी भक्तजनों के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई है।

### पहले दिन मूंग-उड़द लेकर खरीदी केन्द्र नहीं पहुंचे किसान

# खरीदी के लिए बनाए 34 केन्द्र बारिश ने रोका किसानों का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू हो गई है। खरीदी के पहले दिन किसी भी केंद्र पर किसान उपज लेकर नहीं पहुंचे, जबकि इस साल समर्थन मूल्य में मूंग और उड़द बेचने के लिए जिले भर के करीब 5161 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। वहीं जिले में खरीदी के लिए 34 केन्द्र बनाये है। बता दे कि प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द को समर्थन मूल्य पर खरीदी का निर्णय लिया है।

समर्थन मूल्य में मूंग एवं उड़द खरीदी के लिए 19 जून से पंजीयन शुरू हुए थे और 5 जुलाई तक किसानों ने अपना पंजीयन कराया। वहीं 7 जुलाई से खरीदी शुरू की गई है। इस साल शासन द्वारा 8782 रु. प्रति क्विंटल के भाव से मूंग की खरीदी की जाएगी। शनिवार तक जिले के 5161 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। रकबे के हिसाब से 13501 हेक्टेयर है। मालूम हो कि इस बार जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग 15900 हेक्टेयर रकबे में बोई गई थी और बड़े पैमाने पर मूंग का उत्पादन भी हुआ है। समर्थन मूल्य में मूंग-उड़द की खरीदी की घोषणा के बाद मंडी में भी मूंग-उड़द के दामों में उछाल आया है। सोमवार को कृषि उपज मंडी बडोरा में मूंग की 81 बोरे की आवक रही, जबकि मूंग का न्यूनतम भाव 5501 और अधिकतम भाव 8 हजार रहा। वहीं उड़द की 10 बोरे आवक रही और न्यूनतम भाव 5400 एवं अधिकतम भाव 6101 रुपये था।



#### जल्द ही किसानों के केंद्र पहुंचने की संभावना

जिले में मूंग-उड़द की समर्थन मूल्य में खरीदी शुरू हो चुकी है, लेकिन पहले दिन कोई भी किसान अपनी उपज लेकर केन्द्र नहीं पहुंचा। इसके पीछे एक कारण यह भी है कि सोमवार को सुबह से बारिश का दौर जारी रहा। जिससे उपज भीगने की संभावनाओ को देखते हुए भी किसान केन्द्र नहीं पहुंचे। उम्मीद है कि जैसे ही बारिश कम होगी, किसान उपज लेकर केन्द्र पहुंचने लगेगे। हालांकि इस साल पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक किसानों ने मूंग और उड़द बेचने के लिए पंजीयन कराया है। जिससे इस बार समर्थन मूल्य में मूंग की बेहतर खरीदी होने की उम्मीद है।

#### पिछले साल 3059 किसानों ने बेचा था मूंग

जिले में पिछले साल 3059 किसानों ने समर्थन मूल्य में मूंग बेचा था। हालांकि पिछले साल 3697 किसानों ने पंजीयन कराया था, किन्तु 638 किसानों ने मूंग नहीं बेचा। वहीं 3059 किसानों से 6630 एमटी (मेट्रिक टन) मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी हुई थी। जबकि इस साल मूंग-उड़द को मिलाकर कुल 5161 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिसमें से उड़द के लिए 36 किसानों ने पंजीयन कराया है, वहीं 5125 किसानों ने मूंग बेचने के लिए अपना पंजीयन केंद्रों पर कराया है।

#### पिछले साल 8682 रुपये प्रति क्विंटल खरीदा था मूंग

इस साल सरकार ने मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8768 रुपए तय किया है, जबकि पिछले वर्ष 2024-25 में 8682 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से मूंग की खरीदी की थी। वहीं मंडी में किसानों को मूंग के दाम 6 से साढ़े 7 हजार रुपए तक मिल रहे है। जिससे किसानों को एक से डेढ़ हजार रूपए प्रति क्विंटल नुकसान उठाना पड़ रहा था। लेकिन अब समर्थन मूल्य में मूंग-उड़द की खरीदी शुरू होने से किसानों को मूंग-उड़द के अच्छे दाम मिलेगे। मंडी में दाम कम मिलने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा था। लेकिन अब सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी से किसानों में खुशी का माहौल है।

#### इनका कहना है

सोमवार से मूंग-उड़द की खरीदी शुरू हो गई है। जिसके लिए जिले में 34 खरीदी केन्द्र बनाये है। हालांकि पहले दिन किसी भी केंद्र पर खरीदी की जानकारी नहीं है। बारिश के कारण भी किसान मूंग-उड़द लेकर नहीं पहुंचे है। जल्द ही किसानों के उपज लेकर केन्द्र आने की उम्मीद है।

- आनंद बडोनिया
उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल

#### *जिले में बनाये 34 केंद्र, घोड़ाडोंगरी ब्लॉक में सबसे अधिक*

*इस बार 15900 हेक्टेयर में किसानों ने मूंग लगाई थी। कुछ किसानों ने सरकारी खरीदी नहीं होने के कारण मूंग मंडी में बेच दी है। वहीं कई किसान समर्थन मूल्य में मूंग की खरीदी का रास्ता देख रहे थे। आखिरकार किसानों की मांग पूरी हुई और सरकार ने मूंग-उड़द को समर्थन मूल्य में खरीदी की घोषणा की। जिसके बाद जिले में मूंग-उड़द खरीदी के लिए 34 केन्द्र बनाये गये है। जिले में सहकारी समिति आठनेर, सहकारी समिति हिडली, आमला, जम्बाड़ा, रानीपुर, प्राथमिक चोपना, घोड़ाडोंगरी, कुरी रानीपुर, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित सारणी, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित पाढर, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित चिचोली सहित जिले के अन्य ब्लॉकों में 34 केंद्र बनाए हैं। सबसे अधिक केंद्र घोड़ाडोंगरी ब्लॉक में बनाए गए हैं।*

### पिछले साल से 2.1 इंच ज्यादा बारिश

# मौसम विभाग ने बैतूल के लिए जारी किया ऑरेंज अलर्ट



**बैतूल।** रविवार से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। रातभर रुक-रुककर हल्की बारिश होती रही। जिले में अब तक 9.2 इंच औसत वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य से 2.1 इंच अधिक है। इस साल बारिश की शुरुआत धीमी रही, लेकिन अब रफ्तार संतोषजनक है। सबसे ज्यादा बारिश घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में 13.5 इंच रिकॉर्ड हुई है। लगातार बारिश से सतपुड़ा डैम के दोपहर में 7 गेट खुले है। इससे पहले सुबह 5 गेट खोलकर डैम के पानी को मेंटेन किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून का स्ट्रांग सिस्टम सक्रिय है, जिससे आगामी दिनों में बारिश की तीव्रता और बढ़ सकती है। वातावरण में नमी का स्तर 99 प्रतिशत तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिन मंगलवार, बुधवार और गुरुवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें कहीं-कहीं भारी से अति भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। इधर जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

#### जिले में अभी तक 230.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 230.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 175.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 7 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 6.9. मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 06 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 2.4,घोड़ाडोंगरी में 10.0, चिचोली में 10.1, शाहपुर में 9.0, मुलताई में 7.2, प्रभात पट्टन में 11.2, आमला में 4.0, भैंसदेही में 6.0, आठनेर में 2.0 तथा भीमपुर में 7.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ




**बैतूल।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत बैतूल के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ सोमवार को कार्यालय कलेक्टर सभागार से किया गया। इस अभियान का शुभारंभ कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं आमजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी श्रीमती सुषमा गवली, लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक सी. आर. जंघेला, तथा धनंजय सिंह ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने अभियान की सराहना करते हुए पौधरोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला। अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत पौधे रोपने की जानकारी प्रदान की गई तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ मातृ सम्मान को भावनात्मक रूप से जोडना है। कार्यक्रम में युवाओं से अपील की गई कि वे इस अभियान से जुडकर अधिकाधिक संख्या में पौधे लगाएं और उन्हें सुरक्षित भी रखें।

# रैली व सभा में जेब काटने वाले गिरोह के 4 जेब कतरे गिरफ्तार



**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने रैली एवं सभा में जेब कटिंग करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 4 जेब कतरो को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकार से मिली जानकारी के अनुसार 6 जुलाई को संजय वर्मा पिता श्याम सुन्दर वर्मा निवासी सोहागपुर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट किया कि दोपहर करीब 1.30 बजे नव नियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम बार नगर आगमन पर स्वागत के लिये भारत भारती के पास खडे थे, मौके पर काफी भीड थी। स्वागत समारोह के पास किन्ही अज्ञात व्यक्तियों ने मेरी पेंट की पीछे की जेब से 15 हजार रूपये निकाल लिये है। रिपोर्ट पर धारा 304(2), 3(5) बीएनएस का अज्ञात आरोपियो के विरूध्द कायम कर विवेचना में लिया गया। इस प्रकार 14 जून को फरियादी सारिक खान पिता अब्दुल कबीर निवासी चन्द्रशेखर वार्ड सदर बैतूल ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट किया कि केन्द्रीय राज्य मंत्री के प्रथम बार नगर आगमन पर स्वागत के लिये कारगिल चौक बैतूल में शाम 6.00 बजे खडे थे मौके पर काफी भीड थी स्वागत समारोह के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरे कुर्ते के दाहिने जेब से 8 हजार 5 सौ रूपये निकाल लिये है। रिपोर्ट पर धारा 379 भादवि का अज्ञात आरोपी के विरूध्द कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना कोतवाली पुलिस के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये रैली एवं सभा के आसपास सिविल वर्दी में पुलिस कर्मियो को तैनात किया गया। रैली से 4 संदिग्ध व्यक्तियो को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपियो ने पूछताछ पर 1 वर्ष पूर्व केन्द्रीय मंत्री की स्वागत रैली में कारगिल चौक पर भी जेब कटिंग करने की बारदात को स्वीकार किया गया है। आरोपी आयुष पांडे पिता सुरेश पांडे 28 साल निवासी दमोह नाका जबलपुर, राहुल अग्रवाल पिता महेश अग्रवाल उम्र 33 साल निवासी साई नगर थाना मोहन नगर जिला दुर्ग छत्तीसगढ, किशोर कुमार सेन पिता रमेश सेन 32 साल निवासी दुर्गापारा सुपेला भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ और नीलेश मेश्राम पिता चिन्ताराम मेश्राम उम्र 33 साल निवासी सुपेला लक्ष्मी नगर जिला दुर्ग छत्तीसगढ को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 13 हजार रूपये नगद जप्त कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्रवाही में निरीक्षक रविकांत डेहरिया, उनि पंचम सिंह उईके, सउनि कमल किशोर बाथरे, प्र आर तरुण पटेल, प्र आर शिव कुमार, आर. नितिन चौहान, आर. अनिल वेलवंशी और आर. महेश नगदे की सराहनीय भूमिका रही।

# नपा की स्वच्छता टीम ने शहर की सड़कों को किया चकाचक



**बैतूल।** प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद हेमंत खण्डेलवाल का रविवार को प्रथम नगर आगमन हुआ। इस दौरान सोनाघाटी के फॉरेस्ट बैरियर से चक्कर रोड होते हुए जुलूस ने नगर में प्रवेश किया। श्री खण्डेलवाल का चक्कर रोड से लेकर बीजेपी कार्यालय तक जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान फूल माला और जिलेटिन इधर-उधर सडक़ पर भारी मात्रा में बिखर गई थी, जिससे सडक़ पर कचरा ही कचरा हो गया था। नगर पालिका सीएमओ सतीष मटसेनिया के मार्गदर्शन में स्वच्छता निरीक्षक संतोष धनेलिया के निर्देशन में स्वच्छता टीम ने चंद घंटों में ही सडक़ों को साफ कर दिया। स्वच्छता निरीक्षक संतोष धनेलिया ने बताया कि आगे-आगे जुलूस चल रहा था, वहीं पीछे-पीछे नगरपालिका की सफाई कर्मियों की टीम भारी बारिश में सडक़ को जहां साफ कर रही थी। वहीं कचरा गाडिय़ों में कर्मचारियों द्वारा कचरा डाला जा रहा था, जिससे चंद घंटों के भीतर ही जहां-जहां से जुलूस निकला था, उस सडक़ को चकाचक कर दिया गया। शहर में हुए इतने बड़े आयोजन के बाद नपा सीएमओ श्री मटसेनिया के निर्देशन में स्वच्छता निरीक्षक श्री धनेलिया, श्री सोनी के नेतृत्व में सफाई टीम द्वारा सडक़ों को इतनी जल्दी चकाचक कर दिया गया था। इतने बड़े आयोजन के बाद, इतनी जल्दी सडक़ पर से कचरा उठा लेने से शहरवासियों ने नगरपालिका प्रशासन, सफाई टीम की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की है।

# उद्योगों के विस्तार व कार्य पद्धति में सुधार के लिए एमएसएमई विभाग द्वारा कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग मध्य प्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम और इंडस्ट्री पार्टनर लघु उद्योग भारती द्वारा बीआरसी क्लब ग्रीन सिटी इंडस्ट्रियल एरिया बैतूल में सोमवार को लघु उद्योग भारती के सहयोग से उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। लघु उद्योग भारती इकाई बैतूल के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि तिथि के रूप में जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त मोहन नागर व भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, भोपाल से लघु उद्योग इकाई के डीडी सेठिया, पुरुषोत्तम कौशिक, विनोद नायर, देवेंद्र श्रीवास्तव, प्रमुख उद्योगपति मुकेश खंडेलवाल, बालाराम साहू, हाकम सिंग रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में लघु उद्योग भारती बैतूल इकाई के सदस्य एवं अन्य उद्योगपति शामिल हुए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक धीरज मंडलोई ने बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं विस्तार के लिए रेम्प नाम से कार्यशाला का आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत लर्न मैनेजमेंट, जेड सर्टिफिकेशन एवं इंडस्ट्रियल पॉलिसी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई।




इस आयोजन में लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अंबेश बलुआपुरी ने लघु उद्योग भारती के कार्य का विवरण दिया गया व लघु उद्योग भारती द्वारा प्रदेश व देश में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि ये राष्ट्र का सबसे बड़ा संगठन है जो लघु और माध्यम उद्योगों के लिए कार्य करता है। लघु उद्योग भारती बैतूल सचिव राजा साहू ने बताया कि इस कार्यशाला में जेड पॉलिसी ट्रेनर राजीव दलेला, रेम्प ट्रेनर सुदीप शहाणे एवं डीआईसी ट्रेनर देवेंद्र रघुवंशी ने विस्तृत जानकारी दी। लघु उद्योग भारती के विनोद नायर, श्री सेठिया, श्री कौशिक भी उपस्थित थे। उक्त कार्यशाला में बताया गया कि विकसित भारत में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है एवं इस भूमिका को पूरा करने के लिए उद्योगों को अपना विस्तार एवं उसकी कार्य प्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है, जिससे कि वह अपनी कार्य क्षमता एवं उत्पाद की गुणवत्ता को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मापदंड पर पहुंचा सकते हैं। लघु उद्योग भारती जो की एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है, उसके सहयोग से यह कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें अधिक से अधिक उद्यमियों की सहभागिता रही।

### स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी और सफल क्रियान्वयन किया जाए

# जन शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरतें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन और सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर कलेक्टर ने शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर प्रगति लाने के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रमुख रूप से जनजातीय कार्य विभाग, वाणिज्यकर, उद्यानिकी, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन, विज्ञान प्रौद्योगिकी, सामाजिक न्याय और श्रम विभाग के जिला अधिकारियों को शिकायतों प्राथमिकता से निराकरण करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का भी जल्द निराकरण सुनिश्चित कराएं। जन शिकायतों के निराकरण में कोताही ना बरते। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित आयुष्मान, टीबी उन्मूलन, सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन, टीकाकरण, बाल मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर इत्यादि समस्त योजनाओं में कलेक्टर ने सभी बीएमओ से चर्चा कर मिशन मोड में कार्य करने और 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए। देह दान और अंग दान के संबंध में भी शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्रों का संचालन, पोषण आहार वितरण, पोषण ट्रैकर इत्यादि महिला एवं बाल विकास अंतर्गत संचालित योजनाओं में प्रगति लाने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को निर्देशित किया।




उन्होंने उप संचालक कृषि को निर्देशित किया कि जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने सभी विभागों से ई ऑफिस प्रणाली के तहत फाइल्स के ऑनलाइन मूवमेंट की जानकारी ली और ई ऑफिस का सुचारू और सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को हिट एंड रन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने और राहवीर योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने विभागीय पदोन्नति की तैयारियों के संबंध में भी संबंधित विभागों से जानकारी प्राप्त की और शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप जिला स्तर पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। एक पेड़ मां के नाम अभियान की समीक्षा कर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी विभागों को सख्त हिदायत दी कि अभियान में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी विभाग पौध रोपण कराएं और अनिवार्य रूप से अंकुर एप पर उसकी फोटो अपलोड की जाएं।

# *बाबा श्याम की भक्ति में डूबा सोनोली धाम*

***बैतूल।** देव शयनी एकादशी के पावन अवसर पर मुलताई के सोनोली धाम स्थित श्याम बाबा के मंदिर में भव्य कीर्तन संध्या का आयोजन हुआ, जहां कोलकाता के अलौकिक श्रृंगार में सजे बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भजन, भक्ति और भव्यता का ऐसा संगम देखने को मिला कि हर भक्त की आंखें श्रद्धा से छलक उठीं। इस अवसर पर मंदिर को कोलकाता से मंगवाए गए अलौकिक दिव्य श्रृंगार से सजाया गया। श्रृंगार अत्यंत मनोहारी था। बैतूल जिले का यह पहला बाबा श्याम का मंदिर है, जहां हर एकादशी को नियमित रूप से भव्य कीर्तन और भजन संध्या का आयोजन होता है। भजन संध्या में शैलेंद्र डोंगरे, बिंदेश मासोदकर, दीक्षा मासोदकर, अनुष्का विश्वकर्मा, मनु बंदेवार, पिंकी यादव और रिंकी यादव ने बाबा श्याम के भजनों की दिव्य प्रस्तुति देकर उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या की हर एक प्रस्तुति पर भक्तों ने तालियों और जयकारों से वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। मंदिर समिति के सदस्यों और सेवकों द्वारा इस आयोजन की पूरी तैयारी की गई थी।*

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845



## इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम सिंह चावड़ा का किया स्वागत

**भौरासा।** नेवरी फाटा पर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर भक्तों का जमावड़ा सुबह 5 बजे से लगे रहता है। इस दौरान मंदिर पर इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए। उनका मंदिर समिति के द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान फूल सिंह पटेल, विक्रम सिसोदिया, राधे-राधे, विजेंद्र पटेल, वीरेंद्र गौड़, रूप सिंह नागर , राहुल नागर, भीम यादव,लाखन पटेल, कप्तान सिंह बड़वाया, लाखन त्रिमूर्ति , शैलेंद्र पटेल ने स्वागत किया। जहा जिला अध्यक्ष चावड़ा ने मंदिर की पूरी विशेषता के बारे में सुना और बाबा का आशीर्वाद लिया। यहा पर प्रतिदिन दिन भक्तों का आवागमन होता रहता है। देवशयनी एकादशी पर यहा पर लगभग 20 हजार भक्तों ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए एवं मन्नत पूरी होने पर बच्चो का फल व मिठाई से तुलादान भी किया गया। दिन में महिला मंडल के द्वारा कीर्तन किया गया एवं रात्रि को बाबा की ज्योत जलाई गई और महा आरती हुई। आरती के बाद संकीर्तन हुआ, जिसमें भजन गायिका अदिती तापड़िया, इंदौर से भजन गायक अभिषेक व्यास, देवास से पिंटू राव खुटखेड़ा ने बाबा को मीठे-मीठे भजनों से रिझाया।

### जिले भर में जोरदार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

# इटारसी में मूसलधार बरसा पानी गलियां जलमग्न, सड़कें हुई लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मूसलधार बारिश के कारण इटारसी की गलियों और सड़कों सहित निचली बस्तियों में काफी देर तक स्थिति गंभीर हो गयी। शहर के बाजार सहित लगभग सभी मोहल्लों में झमाझम बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर जाने से आवागमन बाधित रहा। नई गरीबी लाइन के अंडरपास में ज्यादा पानी होने से यहां से वाहनों का निकलना बंद हो गया। कुछेक लोगों ने अवश्य जिद करके अपनी जान जोखिम में डालते हुए वाहन निकाले।

भारी वर्षा के कारण अवाम नगर, बंगलिया, ग्वाल बाबा मेहरागांव नदी, न्यास कालोनी, एमजीएम कालेज चौराह पर पार्षद अमित विश्वास की दुकान में, आरएमएस आफिस रोड की दुकानों, जवाहर बाजार की दुकानों, पुरानी इटारसी के निचले क्षेत्रों और सड़कों पर नगर पालिका परिसर की दुकानों, लाइन एरिया, राधाकृष्ण मार्केट, गांधी स्टेडियम के पास की दुकानें, देशबंधुपुरा, गांधीनगर, पुरानीइटारसी में श्रीकृष्णा विहार कालोनी सहित आसपास के क्षेत्र में भी जलभराव हो गया है। भारी बारिश के बाद नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋतु मेहरा ने नगर पालिका अमले के साथ निचली बस्तियों का दौरा करके पानी निकासी के प्रयास किये।



### अध्यक्ष पहुंचे बस्तियों में

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर का दौरा किया और बारिश के दौरान होने वाली परेशानियों को समझने लोगों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेहद तेज बारिश से जलभराव की स्थिति बनी है और इसके बाद बारिश का पानी तेजी से निकल भी रहा है। पुरानी इटारसी में स्थिति जल्दी सामान्य हो रही है, सूरजगंज एरिया में पानी निकलने में थोड़ा वक्त लग रहा है। उन्होंने कहा कि राहत की बात यह है कि अभी शहर के समीप से निकलने वाली पहाड़ी नदियों में पानी नीचे



बह रहा है, इसलिए हालात गंभीर नहीं हुए हैं। उन्होंने पुरानी इटारसी, नाला मोहल्ला, एलकेजी कालोनी एरिया, राठी दाल मिल, सूरजगंज आदि क्षेत्र में दौरा कर जलभराव की स्थिति का आकलन करके अमले को राहत कार्य के निर्देश दिये हैं।

### प्रशासन निकला शहर में

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋतु मेहरा ने सफाई विभाग अमले के साथ नगर की अनेक बस्तियों में दौरा किया। उनकी टीम ने काबड़ मोहल्ला, पिंक सिटी के पास स्थित नाला, सनखेड़ा नाका, अवाम नगर, ओझा बस्ती, नई गरीबी लाइन, एमजीएम कालेज चौराह, नदी एरिया मालवीयगंज, नाला मोहल्ला क्षेत्र में दौरा किया और जहां जलभराव की स्थिति थी, वहां सफाई अमले को निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### तवा बांध में 8 फीट बढ़ा पानी

पहाड़ों पर हुई तेज बारिश से तवा बांध में 36 घंटे में 8 फिट पानी बढ़ गया है। पिछले 36 घंटे में बांध के जलस्तर में 8 फिट से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। रविवार को सुबह 6 बजे बांध का जलस्तर 1125 फिट था जो आज सुबह 6 बजे 1130.40 और दोपहर 12 बजे 1130.90 हो गया था। सोमवार की शाम 6 बजे बांध का जलस्तर 1133.30 फिट था। तवा में आज दिन में 47.80 मिमी वर्षा हुई और अब तक 306.40 मिमी वर्षा हो चुकी है, तवा में अभी 29.77 प्रतिशत जलभराव हो गया है। बांध में बैतूल जिले के अलावा छिंदवाड़ा के कुछ हिस्से में होने वाली बारिश से तवा के जलस्तर में इजाफा होता है।

## सड़क की हालत बेहद खराब परेशान हो रहे स्कूली विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया भारी बरसात केकारण उन्हें स्कूल संचालकों की पोल खुल रही है जो की एडमिशनके नाम पर मनमानी फीस वसूलतेहैं। बच्चोंकी किताब से लेकर ड्रेस सहित सभी सामग्री मनमानी कीमत से दुकानों पर एवं स्कूल मेंजातीहै। प्रत्येक कार्यक्रम की भी फीस अलगसे ली जाती है। उसके बाद भी बच्चों को आवा गमन के लिए रास्ता स्कूल के द्वारानहीव नवाया जिसके कारण बच्चोंको पैदल एवं वाहनमे आने जाने मेंपरेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मामलाहै। वेर सेवा इंटरनेशनल स्कूल का वाहनों को आनेजाने के लिए भी रास्ता उचित नहीं है। जबकि यह रास्ता पूर्वमें ग्राम पंचायत बनवारी के द्वारा बनवाया गया था जिनठे केदार के द्वारा बनाया गया था अब वह ठेकेदारभी नहीं है। रास्ता बनने के बाद अल्प समय में ही रास्ता खत्म हो गया है। जबकि इसी स्कूकोआने वालें मोड़ पर सेंट जोसेफ हायर सेकेंस्कूलभी है। यहां पर स्कूल संचाद्वारा शानदार सड़क का निर्माण कराया गया है तथा पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था भी है। वीरसेवा इंटरनेशनल स्कूपढ़नेवाले बच्चों के अभिभावकों के द्वारा सड़क निर्माण की बात कही है। लेकिन सडकनिर्माण स्कूल संचालक नहीं करनाचाहते पंचायत के द्वारा ही फिर किया जाएगा स्कूल की लगभग एक दर्जन बस एवं अन्यवाहनों का ओवरलोड होकर चलने के कारण सड़क मजबूत नाहोने से जल्दी खराब हो गई। स्कूल के संचालक शाहजी वर्गिस से चर्चा करनी चाहिए तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहींकिया गया।

## किसानों की खाद की समस्या को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में किसानों की खाद की समस्या को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल ने कलेक्टर के नाम एसडीओ सरोज परिहार को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें शासन से मांग की गई है कि सिवनी मालवा में इफको का रैक प्वाइंट होने के बाद भी अभी तक यहां रैक क्यों नहीं दिया गया सिवनी मालवा की सहकारी समितियों के द्वारा पहले ही समय रहते पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई थी फिर भी समितियों तक मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध नहीं कराया गया । जल्द से जल्द खाद की आपूर्ति की जाए जिससे किसानों को आर्थिक हानि नहीं हो। इस अवसर पर राधेश्याम पटेल ने बताया कि वर्तमान समय में सिवनी मालवा के कई हिस्सों से यह खबरें आ रही हैं कि किसानों को समय पर आवश्यक खाद, जैसे कि यूरिया, डीएपी, पोटाश आदि – उपलब्ध नहीं हो पा रही है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है खाद की अनुपलब्धता के कारण किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। खाद की किल्लत के कारण किसानों को लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है, फिर भी उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पाती। इस मौके पर गोपाल कृष्ण शर्मा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पटेल कल्लू रघुवंशी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रेल संपत्ति चोरी के मामलें में 8 वर्षो से फरार 2 वांरटी गिरफ्तार






हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेल सुरक्षा बल इटारसी द्वारा वारंटियों की धरपकड हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 3 जुलाई एवं 7 जुलाई को आरपीएफ इटारसी द्वारा वर्ष 2017 के रेल संपत्ति चोरी के मामलें में 8 वर्ष से फरार 2 वारंटी को गिरफ्तार कर रेलवे न्यायालय में पेश किया गया है। वहां से दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। दोनों वारंटी को पकड़ने में आरपीएफ इटारसी के सउनि संजय शुक्ला, प्रआ संजय लोट, आर. सूर्यप्रकाश बामने व आर. हरि सिंह का विशेष योगदान रहा।

## एक सप्ताह में 100 अवैध वेंडर और 20 महिला और किन्नरों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटासी




ट्रेनों एवं स्टेशन में अवैध वेंडिंग करते हुए बीते एक हफ़्ते में आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 अनाधिकृत वेंडरो, नियमानुसार विक्रय न करने वालों पर एवं यात्रियों को परेशान कर पैसे मागंते हुये कुल 20 महिलायें तथा किन्नरों को पकड़ा है।

रेल सुरक्षा बल इटारसी द्वारा ट्रेनों व स्टेशन में अनाधिकृत रूप से सामग्री बेचते पाये जाने वाले वेंडरो व यात्रियों को परेशान कर पैसे मांगने वाली किन्नरों तथा महिलाओं के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

बता दे कि ट्रेनों में अवैध वैडिंग तथा किन्नरों एवं महिलाओं द्वारा यात्रियों को परेशान कर पैसा वसूली की लगातार मिल रही थी। शिकायतों के मद्देनजर इस हफ्ते में इटारसी स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों की सघन चेंकिग की गई। जिसके दौरान अवैध रूप से सामग्री बेचते पाये जाने पर लगभग 100 वेंडरों को तथा कुल 20 महिलाओं व किन्नर को यात्रियों से जबरन पैसा वसूली करतें पायें जाने पर सभी के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत कार्यवाही कर रेलवे न्यायालय में पेश किया गया।

आरपीएफ द्वारा यात्रियों से जागरूकता अभियान चलाकर अनुरोध किया जा रहा है कि ट्रेनों में महिलाओं और किन्नरों को पैसे ना दें तथा परिचयपत्र धारी वेंडर से ही सामग्री खरीदें।

## बारिश से बचने स्टेट हाईवे पर भटकते'मवेशियों से राहगीर और नागरिक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नर्मदापुरम पचमढ़ी स्टेट हाईवे पर रोजाना हजारों मवेशी भटकते देखे जा सकते हैं। हाईवे पर 'मवेशी'राज पूरी तरह कायम हो चुका है। बारिश में हाईवे पर मवेशी बढ़ जाते हैं। क्योंकि गीले खेतों के मच्छरों व कीटों से बचने मवेशी स्टेट हाईवे पर बैठते हैं। वहीं वाहनों के आने जाने से गर्माहट भी बनी रहती है।

लेकिन मवेशियों की हाईवे पर आसान बैठक व्यवस्था नागरिकों के लिए बरसात में मुसीबत बन गई है। बरसात में गीली सड़कों पर कई बार मवेशी रात्रि में वाहन चालकों को नजर नहीं आते हैं। तथा सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति बनती है। पूर्व के वर्षों में मवेशियों के कारण नर्मदापुरम-पचमढ़ी स्टेट हाईवे पर कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। नागरिकों की अपेक्षा है कि अब इन घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। जिलेवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि हाईवे पर भटकते मवेशियों को ग्राम पंचायतों में बनी गौशालाओं में भेजा जाए।

## ताजियों की जियारत करने आए हजारों अकीदतमंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मोहर्रम का पर्व शहीदाने हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाया गया। मोहर्रम की 10 तारीख रविवार को पुराने थाने के पीछे रखे ताजियों की लोगों ने जियारत कर लोभान और तबर्रुक पेश किया।

ताजियों पर इमामबाड़ों की सवारियों ने बाबाओ की आमद के साथ सलामी देकर नगर में गश्त किया। मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष वसीम खान ने बताया कि रविवार रात अखाड़ा प्रदर्शन किया गया। मोहर्रम की 11 तारीख सोमवार को ताजियों का विसर्जन दोपहर करीब एक बजे करबला में किया गया। मुस्लिम त्यौहार कमेटी एवं मुस्लिम समाज सोहागपुर ने नप, प्रशासन, पुलिस, विद्युत विभाग व नागरिकों द्वारा किये गए सहयोग के प्रति आभार जताया है।

## बजरंग दल ने सेवा सप्ताह में निशुल्क स्वास्थ परिक्षण शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सेवा सप्ताह में निशुल्क स्वास्थ परिक्षण शिविर एवं परामर्श का किया आयोजन सैकड़ों नागरिकों मातृशक्ति ने कराई स्वास्थ जांच लिया स्वास्थ लाभ। उक्त जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री सनुप सिंह यदुवंशी ने बताया कि बजरंग दल के 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलने वाले सेवा सप्ताह में आज निशुल्क स्वास्थ परिक्षण शिविर एवं परामर्श का आयोजन नगर पालिका परिषद कम्युनिटी हाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कथा वाचिका पूज्य बहन अनन्या शर्मा भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष पारीक विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर जिला मंत्री चेतन सिंह राजपूत मुख्य नगर पालिका परिषद अधिकारी अमर सिंह यूईके जिला सह मंत्री सनूप सिंह यदुवंशी जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी पूर्व जिला प्रचारक ऋषिकांत समाजसेवी अतुल शर्मा समाजसेवी सूर्या पालीवाल पटवा समाजसेवी कमल पाल ग्रामीण मंत्री उमेश अंकिले समाजसेवी कुंदन श्रीवास दीपक पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राजपूत भाजपा नगर स्थानीय पार्षद डा किरण राठौर पार्षद बी एच आर सी ग्रुप से डा पूनम सिंह राजपूत डा नवोदित राठौर होम्योपैथिक डा विकास अग्रवाल पत्रकार अरुण कश्यप पूज्य पुरोहित घनश्याम तिवारी ईश्वर विश्नोई देशबंधु मराठा आदि अतीथिओ ने भगवान राम चंद्र जी की पूजा अर्चना की।

## भाजपाइयों ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भाजपा मंडल सोहागपुर द्वारा गत दिवस मंडल कार्यालय सोहागपुर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, राष्ट्रवादी चिंतक तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के जीवन विचारों को आदर्श मानकर राष्ट्र सेवा के पथ पर चलना ही उन्हें सच्चे शब्दों में याद रखना साबित होगा।

### नारी शक्ति ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

# धरा को हरा भरा करने बिखेरे सैकड़ों बीज बम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

वर्ष दर वर्ष बढ़ते जा रहे तापमान को नियंत्रित करने का उपाय सघन पौधारोपण है। इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए शुचिता महिला जागृति समिति सोहागपुर ने 'बीज बम' धरा पर बिखेरना शुरू किया है। शुचिता महिला जागृति समिति सोहागपुर की महिलाओं ने बताया कि जून माह में बीजों को मिट्टी की गेंदों में रखकर बीज बम बनाए थे। जिन्हें बरसात होने पर यहां-वहां बिखेरा जा रहा है। इस कार्य में समिति की ओर से 10 से अधिक महिलाएं सक्रिय हैं तथा धरा पर हरियाली के विकास के संकल्पित हैं। हरित क्रांति के प्रेरक रूप में



महिलाओं ने जून माह में बड़ी संख्या में 'बीज बम' बनाए तथा जुलाई माह में बारिश शुरू होने पर ये बीज बम शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बिखेरे जा रहे हैं। मुख्य रूप से उन स्थानों पर बीज बम फेंके व फैलाए जा रहे हैं, जहां पानी की उपलब्धता हो। ताकि वहां बीज बम फूटें तो उनमें छिपे बीज प्रस्फुटित होकर पौधा बन सकें।



समिति की ओर से मनीषा सिटोके ने बताया कि सोहागपुर-मढ़ई रोड पर तथा तवा नहर के किनारे अधिक मात्रा में बीज बम फैलाए गए हैं।

### गीली मिट्टी में रखे बीज

शुचिता महिला जागृति समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार जून में एक हजार के लगभग बीज बम बनाए गए थे। गीली मिट्टी की गेंदों में फलदार व छायादार प्रजाति के बीज रखे गए। जिनमें आम, जाम, नीम, पीपल, चिरहौल, जंगल जलेबी, कैथ, बेल आदि शामिल थे। बीजों पर गीली मिट्टी लपेटकर इन्हें गेंद का रूप दिया गया था। इन गेंदों को ही महिलाएं बीज बम की संज्ञा देती हैं, जो फूटकर हजारों वृक्षों में बदलेंगे। अब बरसात में बीज बमों को बिखेरा जा रहा है। ताकि बरसात में उचित वातावरण पाकर गेंद में छिपे बीज अंकुरित होकर पौधे का रूप ले सकें। क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमियों ने इस प्रक्रिया की सराहना की है।

## किसान मोर्चा के महामंत्री ने पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिला महामंत्री पवन बलिया के द्वारा अपना जन्मदिन वृक्षारोपण कर मनाया। उनके द्वारा लगभग 100 पीढ़ी लगाए गए जो अपने खेत के साथ-साथ खापरखेड़ा ग्रामीण मंडल में अपने कार्यकर्ताओं के साथ पेड़ों का रोपण किया इस दौरान अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और वालिया के द्वारा वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों से आशीर्वाद लिया तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में ग्रामीण मंडल के द्वारा भी उनका जन्मदिन मनाया गया इस दौरान उन्होंने किसान मोर्चा में रहते हुए अपने अनुभव साझा किया तथा उन्होंने किसानों को होने वाली हर समस्या में साथ खड़े होने का आश्वासन दिया किसानों ने उन्हें डीएपी यूरिया की समस्या बताई तो उन्होंने तत्काल अधिकारियों से संपर्क कर चर्चा की अधिकारियों ने कहा की रैंक लगते ही उन्हें कूपन वितरण कर दिए जाएंगे।

**खबर संक्षेप**




## दादाजी मंदिर में 9 से 11 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा उत्सव

**खंडवा।** दादाजी मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव 9 से 11 जुलाई तक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस तीन दिवसीय आयोजन का मुख्य दिवस 10 जुलाई को रहेगा। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है, जिसकी लाइटिंग टेस्टिंग रविवार को की गई। उत्सव की शुरुआत से पहले ही श्रद्धालु दादाजी को निशान चढ़ा रहे हैं। रविवार को मंदिर में 20 हजार से अधिक भक्तों ने दर्शन-पूजन कर आस्था व्यक्त की। शहर और जिले में गुरु पर्व को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भंडारों के आयोजन के लिए पंडाल लगाए जा रहे हैं। बाहर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन और दर्शन की व्यवस्थित व्यवस्था में शहर के सेवादार जुटे हुए हैं।

## बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

## कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर** । कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है।

## 5 रुपए में मिलेगा नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं। कंपनी ने बताया कि इसके लिए ग्रामीणजन नवीन कनेक्शन के लिए आवेदन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने जल संरक्षण, बालिकाओं के सुकन्या खाते आदि की समीक्षा की

# छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम समय सीमा में लगवाने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय भवनों की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम समय-सीमा में अनिवार्य रूप से लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहले चरण में सभी शासकीय भवनों में और अगले चरण में अशासकीय भवनों में संचालित शासकीय कार्यालयों, शासकीय-अशासकीय आवासों में भी रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर के.आर. बडोले और अरविंद चौहान, एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए गए कि जल जीवन मिशन की योजनाओं से जुड़े उपभोक्ताओं से जलकर वसूली नियमित रूप से की जाए ताकि योजनाओं के संचालन व संधारण में कोई बाधा न आए। इसके साथ ही सभी हैंडपंपों के पास सोखता गड्ढे बनाए जाएं ताकि भूजल स्तर बढ़े और आसपास गंदा पानी न जमा हो।

### कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने का कहा

जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों के अधिकारियों को ई-केवाईसी, आयुष्मान पंजीयन और फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा। जिला कार्यक्रम अधिकारी और शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले की 10 वर्ष से कम आयु की हर बालिका का सुकन्या समृद्धि खाता सुनिश्चित रूप से खोला जाए। बताया गया कि अब तक जिले में 6819 बालिकाओं के खाते खुलवाए जा चुके हैं। सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए गए कि कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्रों के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इसके साथ ही "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्य की भी समीक्षा की गई, जिसमें अब तक स्कूल परिसरों में 6714 पौधे लगाए जा चुके हैं।

### कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली को प्राथमिकता से लागू करें

सभी विभागों को अपने-अपने कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली को प्राथमिकता से लागू करने को कहा गया। यह भी स्पष्ट किया गया कि भविष्य में सभी फाइलों का संचालन ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाए। समीक्षा में सामने आया कि अभी भी कई विभाग जैसे आबकारी, सहकारिता, डाइट, नगर एवं ग्राम निवेश, खनिज, पीएचई, नापतौल, ग्रामीण सड़क विकास और अभियोजन विभाग ई-ऑफिस से फाइलें भेजना प्रारंभ नहीं कर पाए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए गए कि जो आंगनवाड़ी केंद्र जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं, उन्हें अन्य सुरक्षित भवनों में शिफ्ट किया जाए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे।

### नदियों के उदगम स्थल पर पौधरोपण किया जाएगा

गंगोत्री हरित परियोजना के तहत नदियों के उदगम स्थल पर पौधरोपण किया जाएगा। कलेक्टर ने जनपद खंडवा के सीईओ को कावेरी नदी के उद्गम स्थल पर पौधारोपण की तैयारी करने को कहा। इसी क्रम में नर्मदा परिक्रमा पथ पर स्थित ग्रामों के आश्रय स्थलों के पास 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच पौधारोपण कराया जाएगा। पौधों की सुरक्षा और सिंचाई की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से "एक बगिया मां के नाम" अभियान के तहत लगभग एक एकड़ क्षेत्र में निजी भूमि पर उद्यानिकी पौधों का रोपण किया जाएगा। इस योजना के जरिए पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ा जा रहा है।

### धार्मिक भावनाओं का मामला

## गुरुपूर्णिमा यात्रा में श्रद्धालुओं को परोसी मांस की चर्बी, ढाबा सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर निशान यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत होने का मामला सामने आया है। यात्रियों का आरोप है कि उन्होंने शाकाहारी भोजन मंगाया था, लेकिन उसमें मांस की चर्बी परोसी गई। प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए संबंधित ढाबे को सील कर दिया है। यह घटना रविवार को डुल्हार के पास स्थित राजवीर ढाबे पर हुई, जहां बोरगांव बुजुर्ग से दादाजी धाम खंडवा जा रहे श्रद्धालु भोजन के लिए रुके थे। फरियादी मुकेश मोरे (34) और रितेश कुशवाह (33) ने बताया कि उन्होंने सेव-टमाटर की सब्जी और दाल का ऑर्डर दिया था। आधा खाना खाने के बाद उन्हें सब्जी की ग्रेवी में मांस की चर्बी दिखाई दी। विरोध के बाद ढाबा संचालक ने गलती स्वीकार की और बताया कि मांस गलती से सब्जी में चला गया। श्रद्धालुओं का कहना है कि वे व्रत और नियमों का पालन करते हुए निशान यात्रा कर रहे थे, ऐसे में मांस का सेवन उनकी आस्था से जुड़ा गंभीर विषय है। शिकायत के आधार पर बोरगांव चौकी पुलिस ने ढाबा संचालक जावेद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 और 196 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजस्व विभाग की टीम द्वारा ढाबे को सील कर दिया गया है।

### मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच जारी है

ढाबा संचालक जावेद खान का कहना है कि ढाबा उन्होंने कुछ वर्ष पहले किराये पर लिया है और यह उनके चाचा का पुराना ढाबा है। उन्होंने बताया कि निशान यात्री 7 प्लेट सेव-टमाटर की सब्जी पहले ही ले चुके थे और बिल देने से पहले चर्बी होने का दावा किया। उन्होंने स्वीकारा कि गलती हो सकती है क्योंकि उनके ढाबे पर वेज और नॉनवेज दोनों तरह का भोजन बनता है। ढाबे के बोर्ड पर भी वेज एंड नॉनवेज स्पष्ट रूप से लिखा है। प्रशासन का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच जारी है और कार्रवाई साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी। श्रद्धालुओं ने मांग की है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए कड़ी कार्रवाई की जाए।

### पुलिस ने अंधे कत्ल का किया पर्दफाश

## अवैध प्रेम का भेद खुलने के डर से की हत्या, मास्टरमाइंड समेत 4 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

पुलिस चैनपुर ने अवैध प्रेम-प्रसंग का मामला खुल जाने की आशंका में योजनाबद्ध-ढंग से किये गए अंधे-क़त्ल का पता लगाने में सफलता प्राप्त की है। मृतक चेतन पिता राजेन्द्र आमोदकर 32 है, जो नवनीत नगर, नागपुर का मूल निवासी था और वर्तमान में अक्षरधाम कॉलोनी बुरहानपुर में रहता था। जिसकी 6 मई 2025 को योजनाबद्ध-तरीके से ग्राम पलोना (झिरन्या) के समीप वन विभाग के बांस पौधरोपण में तीन आरोपियों ने गमछे से गला घोंट कर हत्या कर दी थी। वह मृत मिला था, जिसके पास मोटर साइकिल और एक मोबाइल बरामद हुआ था। पुलिस ने घटना के मास्टर माइंड बुरहानपुर के ट्रैक्टर शोरूम मालिक सावंत उर्फ रितेश पिता रामभाउ पाटील मराठा उम्र 36 वर्ष सहित चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वह ग्राम नसीराबाद (नेपानगर) का रहने वाला है,जो वर्तमान में बुरहानपुर के तानाजी गेट प्रतापपुरा में रहता था। उसने दो आरोपियों को एक-एक लाख रुपये और तीसरे को 50 हजार रुपये देने का सौदा किया था। इनमें चन्दन पिता भिका जमरे 34 , झांझर (दवाटिया),खुमसिंग पिता गमला तडोले उम्र 32 , झांझर (थाना निम्बोला) और संजय पिता जगन डावर 26 निवासी पलोना (झिरन्या) है।

### ट्रैक्टर शोरूम मे काम करता था

पुलिस ने मर्ग पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया। लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पा रही थी। पुलिस ने मृतक के फोटो सोशल मीडिया में भी प्रसारित किया था। पुलिस को जानकारी मिली कि, मृतक बुरहानपुर मे एक ट्रैक्टर शोरूम मे काम करता है और वहीं काम करने वाली अपनी महिला मित्र के साथ रहता है। मृतक की महिला मित्र से पता चला कि मृतक चेतन 5 मई 25 को किसी ग्राहक ने ट्रैक्टर खरीदने के लिए फोन आने पर उससे मिलने गया था और फिर नहीं लौट सका था। पुलिस टीम को चंदन नाम का व्यक्ति ही उसका कथित ग्राहक है और मृतक चेतन उसी से से मिलने के लिए निकला था। उसे अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर उसने सावंत उर्फ रितेश, खुमसिंग और संजय के साथ मिलकर हत्या करने की घटना को स्वीकार किया। फलस्वरूप उक्त चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया है।

### छवि खराब करने का डर था

घटना के मुख्य मास्टरमाइन्ड सावंत उर्फ रितेश ने पुलिस को बताया कि उसके ट्रेक्टर का शोरूम में मृतक चेतन और उसकी महिला मित्र काम करते थे। मेरा चेतन की महिला मित्र से प्रेम प्रसंग हो गया था और हम अकेले मे मिलने लगे थे जिसकी जानकारी चेतन को लग गई थी। मुझे लगा कि चेतन मुझे बदनाम कर देगा और समाज में मेरी छवि खराब कर देगा इस कारण मैंने उसकी हत्या कराई है। इस योजना मे मैंने मेरी जान पहचान के खुमसिंग और चंदन को काम हो जाने पर दोनों को 01-01 लाख रुपये देने का सौदा हुआ था,जिसमें वे दोनों राजी हो गए थे। रास्ते मे हमे एक संजय नाम का व्यक्ति मिला जो खुमसिंग का रिश्तेदार था,उसे भी 50 हजार रुपये में शामिल कर लिया। जिसकी हम चारों ने मिलकर गमछे से उसका गला दबा कर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना, अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शकुन्तला रुहल, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) भीकनगाँव राकेश आर्य के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी चैनपुर नाथुसिंह रंधा,चौकी प्रभारी हेलापडावा रमेशचन्द्र गेहलोत के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था। इस दौरान खरगोन से एफएसएल टीम, फिंगरप्रिन्ट टीम, साइबर सेल टीम व डॉग स्क्वाड ने भी घटना स्थल पर निरीक्षण कर मत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए थे।

## तीन दिवसीय खंडवा गौरव दिवस का आयोजन होगा, गायन प्रतियोगिता व किशोर नाइट होगी

### किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच किशोर दा के जन्मदिवस पर करेगा कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच द्वारा हरफनमौला गायक किशोर कुमार के जन्मदिवस एवं खंडवा गौरव दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर साधारण सभा कलेक्टर कक्ष में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता रणवीर सिंह चावला ने की। बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता और सीईओ नागार्जुन गोड़ा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।

मंच के प्रवक्ता सुनील जैन और सचिव नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी वाइस ऑफ खंडवा गायन प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों सीनियर, जूनियर और सब जूनियर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में देश के किसी भी कोने से प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। कलेक्टर के सुझाव पर इस वर्ष पुरस्कार राशि को पूर्व वर्ष की तुलना में बढ़ाया गया है। सीनियर ग्रुप में प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय 15 हजार और तृतीय 8 हजार रुपये रखा गया है। जूनियर ग्रुप में प्रथम पुरस्कार 15 हजार, द्वितीय 8 हजार और तृतीय 5 हजार रुपये रहेगा। सब जूनियर ग्रुप के लिए प्रथम पुरस्कार 8 हजार, द्वितीय 5 हजार और तृतीय 3 हजार रुपये निर्धारित किया गया है।

### *ऑडिशन 27 से शुरू होकर 2 अगस्त तक चलेंगे*

*जूनियर और सब जूनियर ग्रुप का ऑडिशन 27 जुलाई तथा सीनियर ग्रुप का ऑडिशन 28 जुलाई को होगा। 30 जुलाई को क्वार्टर फाइनल, 31 जुलाई को सेमीफाइनल और 2 अगस्त को फाइनल राउंड आयोजित किया जाएगा। फाइनल मुकाबला 2 अगस्त की रात को गौरीकुंज सभागृह में होगा। खंडवा गौरव दिवस का आयोजन 2, 3 और 4 अगस्त को किया जाएगा। 2 अगस्त की सुबह चेम्बर ऑफ कॉमर्स और सामाजिक संस्थाओं द्वारा नगरपालिका से केवलराम चौराहे तक मैराथन का आयोजन किया जाएगा। 3 अगस्त को सुबह नगर निगम कार्यालय के सामने स्कूली और कॉलेज छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी तथा आतिशबाजी और गुब्बारों का प्रदर्शन किया जाएगा। शाम को नगरपालिका परिसर में फूड जोन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।*

### *पुष्पांजलि और सुरमई श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी*

*4 अगस्त को सुबह 9 बजे किशोर कुमार की समाधि पर दुध-जलेबी का भोग लगाकर पुष्पांजलि और सुरमई श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। यह आयोजन नगर पालिका निगम और किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के संयुक्त तत्वावधान में होगा। दोपहर 12 बजे पुरानी अनाज मंडी से गौरव यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें विभिन्न झांकियां शामिल रहेंगी। 4 अगस्त की रात 7:30 बजे से किशोर नाइट आयोजित की जाएगी, जिसमें ख्यातिप्राप्त गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। इस गायक को एक लाख रुपये, ताम्रपत्र और किशोर सम्मान प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा बैठक में रणवीर सिंह चावला ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता, सीईओ नागार्जुन गोड़ा, एसडीएम, प्रबंध कार्यकारिणी समिति के चेयरमैन बजरंग बहादुर सिंह, सचिव नारायण बाहेती, उपाध्यक्ष सुनील सकरगाये, आशीष चटकले, प्रवक्ता सुनील जैन, सुरेंद्रसिंह सोलंकी, राकेश बंसल, अनिल बाहेती, प्रमोद पुरी, गुरमीत सिंह उबेजा, प्रफुल्ल मंडलोई, मंगलेश तोमर, अतुल अत्रिवाल, सतीश जैन, कमलेश गुप्ता, चंद्रशेखर मिश्रा, हरदीपसिंह छाबड़ा, आमीन खान, भूपेंद्रसिंह चौहान, शरद खंडेलवाल, अनुराग राठौड़, लक्ष्मण चौहान, विजय राठी, रवि जायसवाल, एन के दवे और बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने खंडवा गौरव दिवस के सभी कार्यक्रमों में नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। अंत में सचिव नारायण बाहेती ने सभी का आभार व्यक्त किया।*

### कूप-निर्माण शुरू तो हुआ परंतु यह कार्य दो वर्षों बाद भी अधर में है

# कलेक्टर से उम्मीदें, दूर होगी पेयजल व आवागमन की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

पूर्व कलेक्टर शिवराजसिंह वर्मा के जाते ही उनकी नसीहत एवं निर्देशों को भी अधिकारी भूल गए और उनके सभी प्रयास बे-असर हो गए। फलस्वरूप दो वर्षों बाद भी कुकड़िया मुहाल (नरवट) के वनवासी पेयजल और आवागमन की त्रासदी भुगत रहे हैं। इस मामले में अप्रैल 2023 में छपी ख़बरों को लेकर पीएचई और अन्य अधिकारियों को आड़े हाथों लिया था। कलेक्टर वर्मा ने नल-जल योजना की समीक्षा-बैठक में कहा था कि क्या आपने महिलाओं द्वारा नाले से पानी भरने की खबर देखी है? या आप अखबार पढ़कर टाल देते हैं, आपका दायित्व क्या है? आप बिसलेरी खरीदकर पानी पी लेते हैं, किसी दिन गंदा पानी भी पीकर देखें।

उन्होंने अधिकारियों पर तल्ख-सवालों की झड़ी लगा दी थी और कहा कि मानवीय-संवेदनाओं और मूल्यों को ध्यान में रखना चाहिए। मेरे पूर्व कार्यकाल में पहाड़ खोदकर ग्रामीणों को पेयजल-मुहैया कराया था और आप भी अनुसरण कर, पहुंच मार्ग का निर्माण और पांच दिनों में नलकूप खनन करें। इस घटनाक्रम के बाद पीएचई और अन्य अधिकारियों में हडकंप मच गया था। फलस्वरूप पूर्व एसडीओ पीएचई दिलीप अन्वेकर, यंत्री कुसुम कवंचे और बोरिंग मशीन के ठेकेदार भी थे। लेकिन दुर्गम मार्ग से ठेकेदार ने मशीन ले जाने से इनकार कर दिया।





परन्तु जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत द्वारा मार्ग सुधारने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई। जिससे समस्याएं जस की तस हैं।

### घरों की ओर दौड़ पड़ती हैं महिलाएं

खेतों में काम कर रहीं महिलायें बारिश की संभावनाओं से घरों की ओर दौड़ पड़ती है। उनका कहना है कि कहीं बाढ़ से नाले का पानी मटमैला ना हो जाए और फिर परिवार को यही पानी पीना पड़ता है। इनमें बारकीबाई महेंद्र पटेल,वेरलीबाई खाज्या, सोनीबाई केसरिया और कमलीबाई चमार ने बताया कि गर्मी में नाला सूखने पर हम झीरे से और और बारिश में हमें नाले का पानी पीना पड़ता है। यह कहते-कहते उनके चेहरों पर उदासी और निराशा छा जाती है। कलेक्टर वर्मा की सुखद-पहल से झिरन्या के 40 और भगवानपुरा के 15 फालियों में नलकूप खनन की प्रक्रिया शुरू की गई। जिसके अनुसार पीएचई विभाग द्वारा रू.60.35 लाख की निविदा आमंत्रित की गई। जिससे दुर्गम एवं पहुंच-विहीन क्षेत्रों में कैलिक्स क्राउलर ड्रिलिंग मशीनों से खनन किया जाना था। लेकिन यह प्रक्रिया भी रोक दी गई और इन पर विराम लग गया।

### 55 फालिये भी वंचित

इस निविदा-प्रक्रिया के आगे नहीं बढ़ने से 55 फालिये भी शुद्ध-पेयजल से वंचित हो गए हैं। इनमें प्रमुख कुकड़िया मुहाल, नरवट, मलगांव,कोटबेड़ा, बिलखेड़ खुर्द,पलोना,मेंहत्या

### कलेक्टर भव्या मित्तल ने लगाई फटकार

विदित ही है कि ग्रामीणों की समस्याओं के प्रति कलेक्टर भव्या मित्तल संवेदनशील हैं। वे यहाँ नल-जल योजना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों और ठेकेदारों को कड़ी फटकार लगा चुकी हैं। उन्होंने नईदुनिया से कहा है कि जनजाति समुदाय के फालिये धरती आबा योजना में सम्मिलित हैं और स्वीकृति मिलने पर सभी काम होंगे। इसलिए अब वनवासियों को उनसे उम्मीदें बंधी है।

### इनका कहना है

55 फलियों में क्राउलर ड्रिलिंग मशीन से नलकूप खनन की प्रक्रियाएं जारी थी। इसमें रुकावट क्यों आई? इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर आवश्यक कदम उठाएंगे। जबकि कुकड़िया मुहाल तक रास्ता सुधारने पर ही बोरिंग मशीन से खनन संभव है।

**राहुल सूर्यवंशी,**
प्रभारी कार्यपालन यंत्री पीएचई विभाग खरगोन

## कश्मीर से लौट सीधे आदिवासियों के बीच पहुंचे शिवराज सिंह चौहान

**सीहोर।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी साधना सिंह चौहान के साथ बीते कुछ दिनों से कश्मीर यात्रा पर थे। उनकी कश्मीर यात्रा के फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहे थे। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एक दिन पहले शुक्रवार की देर शाम राजधानी भोपाल पहुंचे तो इधर अगले ही दिन शनिवार को कृषि मंत्री श्री चौहान खिवनी अभ्यारण के पीड़ित आदिवासियों से मिलने के लिए जा पहुंचे।

खास बात यह रही कि इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने जहां ट्रेक्टर से सफर किया तो वहीं कीचड़ में खपते हुए पैदल-पैदल भी यात्रा की। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अपने बीच पाकर पीड़ित आदिवासी बहुत खुश हुए। शिवराज सिंह चौहान ने आदिवासियों ने हाल चाल जाने इसके साथ ही खिवनी अभ्यारण में घर टूटने के बाद आदिवासियों द्वारा अस्थाई रूप से बनाई झोपड़ी में बैठकर आदिवासियों के बीच भोजन भी किया। कृषि मंत्री श्री चौहान ने आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन भी अफसरों ने यह कार गुजारी की है, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा।